an>

Title : Need to ensure timely payment of pension and gratuity to retired employees of Heavy Engineering Corporation Limited, Ranchi, Jharkhand.

श्री राम टहल चौधरी (राँची) ः मेरे लोकसभा क्षेत्र राँची के धुर्वा स्थित हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन लिमिटेड (एच.ई.सी.एल.) के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके ग्रेच्युटी, पुनरीक्षण एरियर एवं अन्य भत्तों का भुगतान कई वर्षों से लंबित है। सरकार को सूचित करना चाहता हूँ कि एच.ई.सी.एल. के 1 जनवरी, 1997 से सितम्बर 2008 के बीच जो कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, उनको अभी तक ग्रेच्युटी, पुनरीक्षण एरियर एवं अन्य भत्तों का भुगतान नहीं किया गया है। एच.ई.सी.एल. भारत सरकार का एक प्रतिष्ठान है। एक समय यह एशिया का सबसे बड़ा उद्योग माना जाता था परन्तु क्रयशक्ति न रहने से यह सार्वजनिक उपक्रम अपनी क्षमता के अनुपात में उत्पादन नहीं कर पा रहा है। बहुत से सेवानिवृत्त कर्मचारी अपना ईलाज नहीं करा पा रहे हैं। बहुत ऐसे सेवानिवृत्त कर्मी हैं, जिनका धन के अभाव में समुचित इलाज नहीं होने से उनकी मृत्यु हो चुकी है। एच.ई.सी.एल. के प्रबंधन और एच.ई.सी.एल. सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के बीच जो ग्रेच्युटी, पुनरीक्षण एरियर एवं अन्य भत्तों के भुगतान के संबंध में जो त्रिपक्षीय समझौता हुआ था, जिसमें लेबर डिपार्टमेंट के पदाधिकारी भी शामिल हुए थे। अब तक एच.ई.सी.एल. के जितने सी.एम.डी. आए सभी ने ग्रेच्युटी, पुनरीक्षण एरियर एवं अन्य भत्ता राशि को देने की बात कही है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि एच.ई.सी.एल. कम्पनी, धुर्वा, राँची के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का उपरोक्त वर्णित ग्रेच्युटी, वेतन पुनरीक्षण एरियर एवं अन्य भत्तों के भुगतान आदि बकाया राशि यथाशीघ्र दिलवाने की कृपा करेंगे। बकाया राशि भुगतान नहीं किया जाएगा तो लोगों को आन्दोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।